Updated: Jun 08, 2021, 13:28 IST

कॉलेज जाने से पहले अपने टीनएज बच्चे से जरूर करें ये बातें

ईशा त्यागी
Follow

किशोरावस्था के दौरान, आपके बच्चे के साथ आपके संबंध लगातार डेवलप हो रहे होते हैं। जैसे-जैसे आपका बच्चा खुद को और अपनी जिम्मेदारियों को संभालने के लिए कदम बढ़ाता है, वैसे ही अपने बच्चे के लिए आप में भी बदलाव आना शुरू हो जाता है क्योंकि टीनएज में बच्चा जहां एक पल परिपक्व लगता है वहीं अगले क्षण ही बेपरवाह हो सकता है।

अगर आपका बच्चा जल्द ही कॉलेज जाने वाला है, तो शायद आप उसकी शॉपिंग और हेल्थ सर्टिफिकेट जैसी चीजों में व्यस्त होंगे। लेकिन जरूरी है कि आप अपने बच्चों को उसकी जिंदगी के अगले बड़े कदम के लिए तैयार भी करें। वह आने वाले समय में खुद को बनाएगा या बिगाड़ेगा, यह उसकी आज की सोच पर निर्भर करता है।

आप उनसे एक दोस्त की तरह बात करें और समझें कि वह कितना परिपक्व हो गए हैं। इसलिए हमने बात की **साइकोलॉजिस्ट डॉ मालिनी सबा** से जो बता रही हैं 8 बातें जो आपको कॉलेज जाने से पहले अपने टीनएज बच्चे से करनी चाहिए-

1. अपने बच्चे को बताएं कि आपको उस पर कितना गर्व है और आप उसके माता-पिता बनकर कितने खुश हैं। उन्हें समझाएं कि आपने अपनी ज्यादातर जिम्मेदारियां निभा दी हैं लेकिन अगर उसे आपकी जरूरत है तो आप हमेशा वहां रहेंगे। उसे बताएं कि आपको उसके फैसले पर भरोसा है।

अपने टीनएजर बच्चे के बदलते मूड और व्यवहार से आप कैसे डील करें

2. कॉलेज जाते समय अपने टीनएज बच्चे की आशाओं, संदेह और इच्छाओं को सुनें। उससे सवाल पूछें, उसे जवाब सुनें, और उसे आश्वासन दें। उनके साथ विचार-मंथन करें। उसे समझाएं कि सबसे अच्छी ट्रीट दूसरों के साथ जुड़ना है।

3. एकेडमिक के बारे में सवाल पूछें। उससे पूछे कि वह कौन सी क्लास लेनी चाहेगा? कई बच्चे हाई स्कूल की तुलना में कॉलेज को बहुत कठिन पाते हैं और उन्हें अतिरिक्त ट्यूशन, प्रोफेसरों की मदद या राइटिंग वर्कशॉप में नियमित रूप से जाने की आवश्यकता होती है।

Shutterstock

4. अपने बच्चों को टाइम मैनेजमेंट के बारे में बताएं। बच्चे हाई स्कूल की तुलना में कॉलेज के दौरान कक्षा में कम समय बिताते हैं, लेकिन उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उस अतिरिक्त समय का उपयोग पढ़ाई में करें, न कि स्क्रीन पर इसे बर्बाद करें।

टीनएज बेटे को ऐसे दें सेक्स एजुकेशन, ताकि वो दूर रहे गलत कामों और जानकारियों से

5. शराब और नशीली दवाओं के बारे में खुलकर बात करें। अगर आपका बच्चा शराब पीएगा - जैसा कि अधिकांश कॉलेज के छात्र करते हैं - वह इस से कैसे सुरक्षित रह सकता है? यह आपके बच्चे के लिए किस तरह गलत रहेगा। क्या वह इस से जुड़े कानून जानते हैं? क्या वह अपनी सीमा जानते हैं? इन सब चीजों को लेकर उनके साथ डिस्कसन करें और इनकी जानकारी उन्हें दें।



6. प्यार, सेक्स और सहमति (कंसेंट) के बारे में बात करें। उम्मीद है, कि आप पहली बार अपने बच्चे के साथ इन सभी विषयों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इसलिए उनसे सवाल करें, उनकी बात सुनें और अपने किशोरों को यह आंकने में सहायता करें कि वे वास्तव में किस प्रकार के इंटिमेट कनेक्शन चाहते हैं और वे उन्हें कैसे बना सकते हैं।

7. स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करें। क्या आपका बच्चा जानता है कि अगर उसका पैर टूट जाए या बीमार हो जाए तो उसे क्या करना चाहिए? क्या वह जानती है कि अगर उसके साथ बलात्कार हुआ है तो उसे क्या करना चाहिए? कोई भी माता-पिता इन आपात स्थितियों के बारे में सोचना नहीं चाहते हैं, लेकिन आपके बच्चे के लिए तैयार रहना बेहतर है। सुनिश्चित करें कि वे अपनी इंश्योरेंस से जुड़ी जानकारी जानते हैं। आखिर में, उनसे नींद के बारे में पूछें।

घर में है टीनएजर बच्चा तो ज़रूर जान लें उसकी हेल्थ से जुड़ी ये बातें

8. पैसों को लेकर समझौते करें। कौन किसके लिए पेमेंट करेगाय़ क्या आप अपने बच्चे से उम्मीद करते हैं कि वह अपने खर्चों को स्वयं कवर करे? क्या वह पार्ट टाइम जॉब करना चाहेगा। क्या उसे बैंक अकाउंट खोलने की आवश्यकता है या क्या वह सिर्फ अपने डेबिट और/या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकता है? क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान कौन करेगा? जब भी मौका मिले अपने बच्चे से इन सभी विषयों पर बात करें। और फिर कहें कि आपको उस पर कितना गर्व है, और आप उसके माता-पिता होने के लिए कितने भाग्यशाली हैं।

हम आशा करते हैं कि आपको यह लेख पसंद आया होगा। अगर आप किसी विषय पर हमसे कुछ पूछना चाहते हैं तो हमें आपके सवालों के जवाब देने में खुशी होगी। आप हमें अपने सवाल कमेंट बॉक्स में लिख सकती हैं।

ईशा त्यागी
Follow
मदरहुड
Follow

iDiva स्पेशल

सेलेब्स की ऑर्गेन्जा साड़ियां, जो आप भी चाहेंगी अपने वार्डरोब में

आप ये भी पसंद करेंगे

बेटे-बेटी की सही परवरिश करके बनें रेस्पॉन्सिबल पैरेंट, इन बातों का रखें खास ख्याल